# सीसीएल ने शुरू किया 24/7 पशु चिकित्सा सह आपात सेवा एंबुलेंस

## निदेशक कार्मिक ने एंबुलेंस को झंडी दिखाकर किया रवाना




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल के निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्र ने सीसीएल मुख्यालय से शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय में स्ट्रे-एनिमल्स (आवारा पशुओं) के लिए पहला 24/7 पशु चिकित्सा-सह-आपात सेवा एंबुलेंस को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन झारखंड राज्य की राजधानी रांची में चौबीस घंटा सेवा के लिए तत्पर रहेगी और सीसीएल के कमांड क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रों में भी भ्रमण कर आमजन को जागरूक करेगी।

इस मौके पर श्री मिश्र ने कहा कि कंपनी जानवरों की देखभाल को उच्च प्राथमिकता देती है और यह हमारी नैतिक जिम्मेरदारी है कि आवारा पशुओं की देखभाल के लिए पूरी व्यवस्था की जाय जिससे अगर रोड में पशुओं की दुर्घटना होती है तो उसे उसी स्थान पर तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके। सीसीएल अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत पहली बार पशुओं के लिए चौबीसों घंटे पशु चिकित्सा-सह-आपात सेवा एम्बुसलेंस की सुविधा का शुभारंभ किया है। जिसका संचालन होप एंड एनीमल ट्रस्ट, रांची द्वारा किया जायेगा। यह एम्बुलेंस आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित है।

इसके माध्यम से सड़क पर घायल पशुओं एवं रैबीज तथा अन्य बीमारियों से संक्रमित पशुओं का तुरंत ईलाज किया जायेगा। अत्याधुनिक मोबाइल सुविधा का उद्देश्य उन आवारा पशुओं को महत्वपूर्ण चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त यह पशुओं के टीकाकरण और नसबंदी के लिए और उनके स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए सीसीएल कमांड क्षेत्रों की यात्रा करेगी। इस पहल से पशुओं के स्वास्थ्य एवं उनके कल्याण सुनिश्चित करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाप्रबंधक (एसडी एवं सीएसआर), बालकृष्ण लाडी एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित थे।

## अप्रैल में कोयला उत्पादन 8.5 फीसदी बढ़ा, सप्लाई भी 8 करोड़ टन के पार

**रांची।** अप्रैल में देश का कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 8.5 फीसदी बढ़कर 7.31 करोड़ टन से अधिक रहा है। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को अपने मासिक उत्पादन आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले इसी महीने में देश का कुल कोयला उत्पादन 6.72 करोड़ टन रहा था। कोयला मंत्रालय ने कहा है कि अप्रैल, 2023 में 7.31 करोड़ टन का उत्पादन कर देश ने इस महीने के लिए निर्धारित उत्पादन लक्ष्य का 94.89 फीसदी हासिल कर लिया। इस उत्पादन वृद्धि में देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने 5.75 करोड़ टन के साथ सबसे अहम भूमिका निभाई। अप्रैल, 2022 में कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 5.34 करोड़ टन रहा था। वहीं सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड का अप्रैल में उत्पादन 4.77 फीसदी वृद्धि के साथ 55.7 लाख टन हो गया जबकि साल भर पहले यह 53.2 लाख टन था। पिछले महीने में भारत की कोयला सप्लाई भी 11.66 फीसदी बढ़कर 8.03 करोड़ टन पर पहुंच गई है।

## हॉट लिप्स रेस्टोरेंट को द बेस्ट चाइनीज रेस्टोरेंट का अवार्ड



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कांके रोड स्थित हॉट लिप्स रेस्टोरेंट को पूरे झारखंड में चाइनीस डिश के लिए द बेस्ट चाइनीज रेस्टोरेंट के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड प्रतिष्ठित डिलीवरी संस्थान जोमैटो ऑनलाइन डिलीवरी द्वारा दिया गया है। जोमैटो की ओर से पूरे राज्य भर में चाइनीज डिश को लेकर एक इंटरनल वोटिंग करायी गयी थी, जिसमें कई रेस्टोरेंट को शामिल किया गया पर हॉट लिप्स रेस्टोरेंट के चाइनीज व्यंजन को सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए। इसी के आधार पर हॉट लिप्स रेस्टोरेंट को बेस्ट चाइनीज रेस्टोरेंट का अवार्ड दिया गया। जोमैटो के प्रतिनिधि द्वारा रेस्टोरेंट के ओनर रंजन कुमार को सर्टिफिकेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

रेस्टोरेंट के संचालक रंजन कुमार ने बताया कि हॉट लिप्स अपने बेहतरीन स्वाद, अच्छी कस्टमर सर्विस और हाइजीनिक एनवायरनमेंट के लिए जाना जाता है। चाइनीज डिशेज के लिए जो अवार्ड प्राप्त हुआ है, वह लोगों के प्यार और यहां काम कर रहे मेरे सहकर्मियों की मेहनत के कारण हो पाया है।

## स्पीड न्यूज

### रिनपास में निदेशक की नियुक्ति का निकला विज्ञापन

**रांची।** रांची इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरो साइकेट्री एंड अप्लाइड साइंस (रिनपास) में निदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है। रिनपास में चयनित निदेशक को मानसिक रोगियों के लिए चिकित्सा के साथ शैक्षणिक और रिसर्च सेंटर का कार्यभार संभालने की जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही अस्पताल के प्रबंधन के साथ विकास के कार्यों पर भी नजर रखना है। आवेदन के लिए शैक्षणिक योग्यता पीजी अथवा पोस्ट डॉक्टरेट डिग्री साइकेट्रिक/न्यूरोसाइंस अनिवार्य रखा गया है। किसी मनोरोग संस्थान/मेडिकल कॉलेज के मनोरोग विभाग में शिक्षण, अनुसंधान कार्य में 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें 5 वर्ष प्रोफेसर के रूप में काम करने का अनुभव अनिवार्य किया गया है। उम्मीदवार की उम्र अगर वर्तमान में काम कर रहे हो तो 65 साल और सेवानिवृत्त लोगों के लिए 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। इनकी कार्य अवधि 5 साल या 70 साल (जो पहले आ जाए) तक रहेगी।

### केसरवानी वैश्य सभा का सामूहिक विवाह समारोह कल

**रांची।** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा के तत्वावधान में रांची जिला स्तरीय 9वां एक दिवसीय वैवाहिक परिचय एवं आदेश सामूहिक विवाह सह वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 21 मई रविवार को निलाद्री भवन, जगन्नाथपुर मंदिर परिसर धुर्वा में सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक किया जायेगा। कार्यक्रम में रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा एवं सिमडेगा से सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग आयेंगे। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्य प्रदेश एवं तेलंगाना से समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों का भी आगमन होना है।

## 45 झारखंड आंदोलनकारियों की प्रोविजनल सूची जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग ने शुक्रवार को 45 झारखंड आंदोलनकारियों के प्रोविजनल नामों की सूची जारी की है। आपत्ति दर्ज कराने के लिए 10 दिनों का समय आंदोलनकारियों को दिया गया है। आयोग ने नाम जारी करते हुए कहा कि नामों की सूची में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर प्रोविजनल रूप से जारी की गयी है। जिन आंदोलनकारियों का नाम सूची में है और वह व्यक्ति जीवित नहीं है तो आश्रित होने का संबंधित प्रतिवेदन जमा कराना होगा। इसके अलावे अगले चरण में नामों की सूची जारी की जाएगी।

**इनका नाम किया गया जारी :** रांधना टोप्पो, अनिता कच्छप, शेख रहमान, शाहिद अख्तर, जावेद अख्तर, मो इकबाल आलम, मिथिलेश नारायण तिवारी, प्रवीण कृष्णा सहाय, सुदर्शन महतो, हीरालाल दास, गिरिधारी महतो, निरंजन महतो, गोविंदचंद महतो, राजू साहु, नागेंद्र महतो, मोहन मुंडा, हरिनारायण मुंडा, परेश चंद्र महतो, हरिपद सिंह मुंडा, प्रेम कुमार गुप्ता, भेंदू सिंह मुंडा, शत्रुहन महतो, शिवदयाल गुप्ता, गोंझू महतो.अनिल कुमार महतो, ब्धीरण महतो, कालीचरण महतो, नंदकिशोर महतो, हरिराम महतो, दिलीप सेठ, नागेंद्र महतो, घनश्याम महतो, दया महतो, अनिल किशोर महतो।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में समर कैंप संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बुकरु स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल के बच्चों के लिए तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने भरपूर आनंद उठाया। बहुत सारी नयी चीजों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मॉडल एवं क्रियाकलापों के माध्यम से फायर एक्सटिंग्विशर के अंतर्गत छात्रों को विभिन्न क्वीज क्वेचंस के माध्यम से आग लगने पर क्या करना चाहिए तथा पुलिस डिपार्टमेंट, पुलिस स्टेशन, पुलिस के कर्तव्य तथा 'राइट ऑफ अरेस्टेड पर्सन' के विषय में एक्टिविटीज एवं अभिनय द्वारा साकार रूप देकर समझाया गया। 108 नंबर पर पायें एंबुलेंस सर्विस आदि को भी मॉडल्स के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त सभी बच्चों ने रेन डांस, हॉर्स राइडिंग, मिकी माउस, जंपिंग तथा अन्य मनोरंजन कार्यक्रम का आनंद उठाया। विभिन्न एडवेंचर गेम, डांस, गाना तथा कुकिंग विदाउट फायर की हुनर को भी सीखा। इन तीन दिनों में विद्यार्थियों ने विद्यालय द्वारा उपलब्ध विभिन्न भोजन सामग्रियों का भी पूरा लुत्फ उठाया। विद्यालय की डायरेक्टर (एकेडमिक) रंजना स्वरूप एवं प्रिंसिपल जसमीत कौर ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से छात्र जरूरी जानकारियां प्राप्त करते हैं और शिक्षकों के साथ कनेक्ट होते हैं। इससे शिक्षक-छात्र के बीच की दूरी बहुत हद तक घटती है, जिससे छात्र अपने मन की बात स्पष्ट रूप से शिक्षक को समझा पाते हैं और इसका उनके शैक्षणिक स्तर पर काफी प्रभाव पड़ता है।

## खबर एक नजर में

### सेल के एमटीआइ सभागार में काव्य मंजरी का हुआ आयोजन




**रांची।** सेल के एमटीआइ सभागार में शुक्रवार की देर शाम एक कवि सम्मेलन काव्य मंजरी का धूमधाम से आयोजन किया गया। मौसम के इस तपिश के बावजूद प्रयागराज–बनारस अंचल से कवियत्रियों एवं कवियों ने रांची में अपने इल्म से लोगों के दिलों को जीतकर समा बांध दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कवियों एवं गण्यमान्य अतिथियों का स्वागत पुष्प–गुच्छ भेंट कर की गयी। कवियों में उत्तर प्रदेश से पधारीं सुश्री शबीना अदीब, मुमताज नसीम, विभा शुक्ला, अना इलाहाबादी एवं डॉ शिशिर सोमवंशी शामिल थे। रांची से उनको संग देने के लिए नेहल हुसैन सरैयावी एवं डॉ सुरिंदर कौर नीलम आमंत्रित किये गये थे। लगभग दो घंटे तक के इस कार्यक्रम में श्रोतागण मन्त्र–मुग्ध हो गये। कार्यक्रम में सेल के निदेशक (व्यावसायिक) वीएस चक्रवर्ती और कार्यपालक निदेशकगण मौजूद थे। अंत में कवियों को प्रतीक चिह्न भेंट किया गया।

### आइएमए की पहल प्रशंसनीय : तुषार कांति

**रांची।** सामाजिक संस्था श्रीरामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव और शहर के जाने–माने समाजसेवी तुषार कांति शीट ने कहा है कि निजी अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की झारखंड इकाई के राज्य सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह द्वारा की गई पहल सराहनीय है। श्री शीट ने कहा कि गत दिनों एक मरीज के परिजन से टाटीसिल्वे स्थित स्वर्णरेखा अस्पताल के संचालक द्वारा ऑक्सीजन चार्ज के एवज में अधिक राशि लिए जाने की शिकायत पर आइएमए ने त्वरित संज्ञान लेते हुए निजी अस्पताल संचालक से संपर्क साधा और उन्हें मरीज से ऑक्सीजन चार्ज के रूप में ली गई अधिक राशि को वापस करने का निर्देश दिया।

### डोरंडा हाइकोर्ट भवन में शुक्रवार को रहा अंतिम कार्यदिवस



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान भवन में शुक्रवार को न्यायिक कार्य का अंतिम दिन रहा। न्यायिक कार्य के अंतिम दिन कोर्ट खत्म होने के बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र समेत अन्य न्यायाधीश और हाईकोर्ट के वकीलों के समक्ष विवेकानंद विद्यामंदिर के बच्चों ने बैंड डिस्प्ले किया। हाईकोर्ट भवन के परिसर में महाधिवक्ता, बार काउंसिल के अध्यक्ष और वरीय अधिवक्ताओं समेत हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अवकाश खत्म होने के बाद धुर्वा में बने नए हाईकोर्ट भवन में न्यायिक कार्य होंगे।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**रांची।** फैमिली फिजीसियन डे के अवसर पर शुक्रवार को फेडरेशन ऑफ फिजीसियन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की रांची शाखा के तत्वावधान में वृद्धाश्रम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रांची के प्रसिद्ध मधुमेह व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ वी जगनाणी ने लोगों को नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया।

### केबी एकेडमी में समर कैंप का आयोजन



**रांची।** राजधानी रांची के एमजी रोड स्थित केबी एकेडमी शुक्रवार को समर कैंप का आयोजन किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल सबा जरीन ने बताया कि वैसे समर कैंप ऐसा विशेष आयोजन है जिसमें बच्चे खेलते और मस्ती करते हुए खुद में छुपी प्रतिभाओं का परिचय देते है। यही कारण है कि विद्यालय हर साल इस तरह के समर कैंप का आयोजन कर बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने का काम करता रहा है। स्कूल के डायरेक्टर डॉ असलम परवेज ने छात्रों को पढ़ाई के साथ –साथ खेल कूद व अन्य गतिविधियों में भी बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

## वामदल मिलकर जनपक्षीय विकल्प के लिए संघर्ष करें : भुवनेश्वर मेहता



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वामदलों ने सांप्रदायिक-कार्पोरेट गठजोड़ के फासीवादी खतरे के खिलाफ अपने संघर्ष को और धारदार बनाने के साथ झारखंड के जन मुद्दों पर राज्यव्यापी आंदोलन किए जाने की घोषणा की है। कन्वेंशन द्वारा वामदलों के नेतृत्व में भविष्य के कार्यक्रम के अन्तर्गत जून माह में जिला स्तरीय संयुक्त कन्वेंशन आयोजित करने, जुलाई-अगस्त महीने में जनमुद्दो पर सभी प्रखंडों पर प्रदर्शन किए जाने, सितंबर माह में तीन जत्था निकाल कर राज्यव्यापी अभियान चलाने और इस वर्ष के अंत में राजधानी में वामदलों की एक बड़ी गोलबंदी किए जाने की घोषणा की गई।

कन्वेंशन को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि देश में संप्रदायिक राजनीतिक ध्रुवीकरण कर भारतीय जनता पार्टी सत्ता पर काबिज हुई है। इस स्थिति में फासिस्ट पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के लिए वाम दलों को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अदानी-अंबानी के इशारे पर केंद्र की सरकार नाच रही है। देश के सारे संपदाओं को कॉरपोरेट के हवाले किया जा रहा है। राज्य में राज्य की सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ा है । राज्य में खनिज संपदाओं की लूट मची हुई है। राज्य के ऑफिसर सब बेलगाम हो चुके हैं। राज्य की स्थिति सुधारने को गांव के स्तर तक जन गोलबंदी करनी चाहिए। भाकपाके राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राज्य में भाजपा और झामुमो के राजनीतिक विकल्प के लिए संघर्ष करना जरूरी है। भाजपा और झामुमो दोनों ने झारखंड में को ठगा है। माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के लिये लोगों के सवाल और समस्याएं मायने नहीं रखती। लोग समस्याओं से जूझ रहे है और सरकार धर्म, बॉर्डर समेत अन्य मुद्दों में उलझी हुई है। सरकार सुरक्षा का हवाला देती है। जबकि पीएमओ अधिकारी बन कर भी अब वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। कहा कि राज्य स्तरीय कन्वेंशन की जरूरत है, क्योंकि लोगों को एकजुट होकर भाजपा की नीतियों के खिलाफ आंदोलन करना है। वामदलों के नेताओं ने संबोधित किया।

### कर्नाटक सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम एवं विधायक दीपिका पांडे सिंह कर्नाटक के नये मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को बेंगलुरु जाएंगे। तीनों नेता शनिवार को सुबह निकलेंगे।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस के सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार शनिवार दोपहर 12.30 बजे बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में कर्नाटक के सीएम और डिप्टी सीएम पद की शपथ लेंगे। इसके लिए छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार को

## सरला बिरला स्कूल में समर कैंप का समापन समारोह आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एक्सट्रावेगेंस- समर कैंप का भव्य समापन समारोह अत्यंत उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों की एक सभा आयोजित की गयी। इसकी शुरुआत एक प्रेरक गीत से हुई। इसके बाद नृत्य प्रदर्शन और जुंबा सत्र ने दिन के माहौल को जगमगा दिया।

छात्रों ने समर कैंप की अपनी पूरी यात्रा के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वे भविष्य में इस तरह के और आयोजनों की प्रतीक्षा करेंगे।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने समर कैंप के सफल आयोजन में स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कार्यक्रम की सफलता पर अपनी खुशी साझा की। उन्होंने छात्रों के समग्र विकास के लिए स्कूल द्वारा इस तरह के और आयोजन करने की बात कही।

## मणि टोला काली मंदिर में आस्था का उमड़ा जनसैलाब



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जय मां काली जगदंबा ट्रस्ट मणि टोला के तत्वाधान में आयोजित बड़ा पूजा महोत्सव के दूसरे दिन मां काली के दर्शन के लिये भक्तों का सैलाब उमड़ पडा। गुरुवार की रात्रि 1 बजे से ही माता के दर्शन करने के लिये दूर-दूर से भक्त पहुंचने लगे थे। मां काली मंदिर के पुजारी रामेश्वर पासवान द्वारा पूजा अर्चना के उपरांत दर्शन के लिये पट खोल दिये गये। मंदिर परिसर में छत्तीसगढ़ के संघी बाजा, जमशेदपुर के ताशा पार्टी, हजारीबाग का ताशा पार्टी भक्तों का मनोरंजन करते रहे हैं। मंदिर परिसर को थाईलैंड से मंगाये गये फूलों द्वारा आकर्षक सज्जा की गई है। मां का भव्य दरबार सजाया गया है। मां जगदंबा ट्रस्ट के सचिव पवन पासवान ने बताया कि शुक्रवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लाखों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि शनिवार को शाम 4 से रात्रि 10 बजे तक भव्य मां का जागरण किया जा रहा है। मां काली के दर्शन में लंबी कतार होने के कारण परेशानी को देखते हुये उनके बैठने की व्यवस्था की गई है। पूरे हिनू क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

### गोस्सनर कॉलेज में नक्शा तैयार करने पर कार्यशाला आयोजित

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज रांची के भूविज्ञान विभाग और कॉलेज के आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में क्यूजीआईएस एवं डीजीपीएस के प्रयोग से नक्शा तैयार करना विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर इलानी पूर्ति ने किया। मौके पर रिसोर्स पर्सन ग्रीनमार्क नई दिल्ली के निदेशक जेम्स आर टोपनो ने भूविज्ञान विभाग के बच्चों को क्यू जी आई एस और डीजीपीएस की विशेषताओं और उपयोगिता को बताते हुए कहा कि यह एक ऐसी विधि है जिसमें उपग्रहों के साथ जीपीएस के माध्यम से स्वयं के लोकेशन को सुस्थापित कर नक्शा तैयार कर सकते हैं। कार्यशाला में जानकारी दी गई कि सामान्य नक्शा से लेकर तोपोशीट को जिओ रेफरेंसिंग के साथ डिजिटल रूप में परिवर्तित भी कर सकते हैं। साथ ही साथ गूगल अर्थ की प्रायोगिक जानकारी भी दी गई।

## फोटोग्राफी के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं : प्रो पाठक

### सरला बिरला विश्वविद्यालय के फोटोग्राफी क्लब 'शटरबग्स' ने किया प्रदर्शनी का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के फोटोग्राफी क्लब 'शटरबग्स' द्वारा 'थ्रू द लेंस- फ्लोरिंग द ब्यूटी ऑफ लाइफ थीम' पर शुक्रवार को फोटोग्राफी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस एग्जीबिशन में छात्रों ने वर्षा ऋतु, नवरात्रि, दीपावली, छठ पूजा, प्राकृतिक सौंदर्य, परिसर के विभिन्न विभागों से संबंधित छायाचित्रों की प्रदर्शन प्रदर्शनी लगायी। विद्यार्थियों ने स्वनिर्मित वीडियोग्राफी को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शित कर अपनी भावनाओं एवं प्रतिभाओं को भी प्रदर्शित किया।

इस अवसर पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शामिल रहे छात्रों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने कहा कि वर्तमान समय में फोटोग्राफी के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। दिन प्रतिदिन फोटोग्राफर की डिमांड बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक फोटोग्राफर अपने छायाचित्र के माध्यम से न केवल उसे संरक्षित करता है, बल्कि इतिहास को भी संजोये रखने में भी अपनी भूमिका निभाता है। उन्होंने आगामी जून महीने में परिसर में संपन्न होने वाले चित्रपट झारखंड फिल्म महोत्सव में फोटोग्राफी क्लब द्वारा अधिक से अधिक सहभागी बनने एवं महत्वपूर्ण विषयों पर फिल्म बनाये जाने की भी बात कही।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने फोटोग्राफी क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कि शरीर की बाहरी सुंदरता से ज्यादा शरीर के आंतरिक मन की सुंदरता का महत्व है। मन की सुंदरता विचारों की स्वच्छता एवं संस्कारों से दिखती हैं। शटरबग्स क्लब के कोऑर्डिनेटर चंद्रशेखर महथा ने अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए शटरबग्स के उद्देश्यों, वर्षभर संपन्न हुए कार्यक्रमों की चर्चा की। एग्जीबिशन में साल भर फोटोग्राफी क्लब द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक, कुलसचिव डॉ विजय कुमार सिंह एवं संकायाध्यक्षों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीकॉम सेकेंड सेमेस्टर की छात्रा मानसी सिंह एवं बीकॉम फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा अनम अख्तर ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिकता बीए इकॉमिक्स के छात्र दिनकर्ष आलम ने पूरा किया। फोटोग्राफी एग्जिबिशन के सफल आयोजन में निखिल कुमार, सत्यम चौधरी, अभय कुमार, अजूबा नाग, पियूष करमाकर, आशीष यादव, अक्षांश एक्का, मानसी सिंह एवं अनम अख्तर आदि की सराहनीय भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, डॉ संदीप कुमार, प्रो एसबी दंडीन, डॉ सुबानी बाड़ा, प्रो अमित गुप्ता, डॉ भारद्वाज शुक्ल, डॉ आरोही आनंद, सुभाष नारायण शाहदेव सहित विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## राहे में कीर्तन मेला का उद्घाटन



**राहे।** राहे गांव में अखंड नवरात्र हरीनाम संकीर्तन का आयोजन 18 मई से किया जा रहा है। इस अवसर पर मेला का आयोजन किया गया है। मेले में इलेक्ट्रॉनिक टावर झूले, ब्रेक डांस, मिकी माउस, मौत का कुआं, चाट-चाऊमीन की दुकानें लगें है। मेला का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो ने विधिवत रूप में फीता काटकर किये। इस अवसर पर मेला कमेटी के मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुशांत सिंह, सुरेन्द प्रजापति सहित कमिटी के सभी सदस्य मौजूद थे।

## इटकी: शिक्षक के निधन पर शोक



**इटकी।** इटकी गुलजार रोड स्थित दर्सगाह इस्लामी व अल्कोसर गर्ल्स हाई स्कूल के शिक्षक इटकी रानी बागीचा निवासी मुर्शीद अंसारी 58 का शुक्रवार को निधन हो गया। जानकारी के अनुसार उन्हें एक पखवारा पूर्व हार्ड अटैक हुआ था। इलाज के दौरान उन्हें पेसमेकर लगाया गया था। तबियत ज्यादा बिगड़ने पर इलाज के लिए उन्हें रांची ले जाया जा रहा था। रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। कब्रगाह में कल 20 मई को सुबह दस बजे सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## मांडर: नाबालिग लड़की भगाने के आरोपी को जेल

**मांडर।** थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में आकाश लकड़ा नामक एक युवक को शुक्रवार को मांडर पुलिस ने जेल भेज दिया। मांडर पुलिस के अनुसार वह इटकी थाना क्षेत्र के कुली गांव का रहने वाला है। थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि आकाश लकड़ा के विरुद्ध थाना क्षेत्र से एक 17 वर्षीया लड़की को भगा ले जाने को लेकर मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आकाश लकड़ा को शुक्रवार को चटवल गांव से गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से ही नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया।

## पेड़ की डाली काट रहे युवक की सिर में चोट लगने से मौत

**चान्हो।** प्रखंड के सोंस के खूंटी टोली निवासी बीस वर्षीय बब्लू अंसारी उर्फ शाहजहां अंसारी की पेड़ की डाली काटने के क्रम में सिर में चोट लगने से मौत हो गयी। घटना शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे की है। बबलू अंसारी की चौदह दिन पूर्व ही शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि बब्लू सुबह करीब आठ बजे अपने घर के निकट जमीन पर गिरे एक पेड़ की डाली काट रहा था। इसी क्रम में डाली से उसके सिर में चोट लग गयी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। बब्लू अंसारी दो भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना के बाद से ही उसकी पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## रात्रि पाठशाला, उचरी में समर कैंप शुरू

**मांडर।** प्रखंड के उचरी गांव स्थित रात्रि पाठशाला में शुक्रवार को पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद एवं बाबा कार्तिक उरांव रात्रि पाठशाला समूह झारखंड की ओर से आयोजित इस समर कैंप का उद्घाटन पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव ने किया। समर कैंप में मांडर के अलावा बेड़ोए ईटकीए चान्होए रातूए बुढ़मू व अन्य प्रखंडों में संचालित रात्रि पाठशाला में अध्ययनरत वर्ग 5 से 10वीं बच्चे शामिल हुए हैं, जिन्हें प्रतिदिन अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा। मौके पर कार्तिक लोहरा, ट्रेनर मनीषा धवन, अनिल उरांव, परमेश्वर उरांव, राम उरांव, बसंती लोहरा सहित अन्य मौजूद थे।

# पुलिस के अभद्र व्यवहार से उग्र ग्रामीणों ने थाना का किया घेराव

### वाहनों से अवैध वसूली का विरोध करने पर पूर्व मुखिया से की मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी पुलिस द्वारा सड़क पर वाहनों से अवैध वसूली करने का विरोध करने से नाराज थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि द्वारा हरातू के पूर्व मुखिया सह कांग्रेस नेता श्रवण कुमार मुंडा को ओरमांझी थाना ले जाकर मारपीट व अभद्र व्यवहार करने के खिलाफ उग्र ग्रामीणों ने शुक्रवार को करीब दो घंटे थाना का घेराव किया। थाना का घेराव करने करीब साढ़े बारह बजे हरातू व हेसातू के 150 महिला-पुरुष थाना पहुंचे थे। ग्रामीण पुलिस के रवैये के खिलाफ जमकर नारेबजी कर रहे थे। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि द्वारा समझाने पर उग्र ग्रामीण वरीय पदाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़े थे। इस दौरान पुलिस और ग्रामीण एक-दूसरे से उलझ गए। ग्रामीणों ने पुलिसिया कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस जमीन के मामले में दखलअंदाजी कर ग्रामीणों को जबरन उठाकर थाना ले जाती है। ग्रामीणों का आरोप है की चालक और पुलिस बाइक से कोयला ढोने वालों से भी वसूली करती है। पैसा नहीं देने वालों को थाना में बंद कर दिया जाता है। इधर थाना घेराव की जानकारी मिलने के बाद सिल्ली डीएसपी खिसटोफर केरकेट्टा थाना पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पीड़ित व्यक्ति लिखित शिकायत दे। मामले की जांच के बाद दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

### क्या है मामला

पूर्व मुखिया श्रवण कुमार मुंडा ने बताया कि गुरुवार की रात करीब नौ बजे ओरमांझी-गोला पथ के ईद मोड़ के पास सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रवि की उपस्थिति में पुलिस वहां से गुजर रहे वाहनों से अवैध वसूली कर रही थी। जिसका मैंने विरोध किया तो इस बात से नाराज थाना प्रभारी मुझे अपने वाहन में बैठाकर सिकिदिरी थाना न ले जाकर ओरमांझी थाना ले गये। जहां मेरे साथ मारपीट की गई। मेरे चेहरे पर चोट लगी है। इसके बाद मुझे सीएचसी ले जाया गया। रात को करीब 12 बजे मुझे छोड़ दिया गया। मैं दोषी था तो पुलिस मुझे जेल भेज देती। थाना प्रभारी के रवैये से सभी ग्रामीण त्रस्त हैं।



ग्रामीणों के आरोप के बाद थाना के वाहन चालक ताहीर हुसैन को थाना प्रभारी ने तत्काल प्रभाव से सेवा से हटा दिया है।

### थाना प्रभारी रवि प्रकाश ने बताया

सिकिदिरी थाना प्रभारी रवि प्रकाश ने बताया कि वाहनों से अवैध वसूली करने की बात गलत है। आरोप बेबुनियाद है। कोई मारपीट नहीं की गई है। पूर्व मुखिया श्रवण कुमार मुंडा नशे की हालत में था। मेडिकल रेपोर्ट में यह बात निकलकर आई है। फोन पर भी उसने वरीय पदाधिकारी से अभद्र तरीके से बात किया था। जिसके बाद इसका मेडिकल कराने ओरमांझी सीएचसी ले जाया गया था।

# विद्युत संकट को लेकर सुदेश ने की अधिकारियों संग बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू/राहे।** झारखंड के सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्याओं को लेकर आज रांची स्थित अपने आवास पर बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा के सभी प्रखंडों सिल्ली, सोनाहातू, राहे एवं अनगड़ा में व्याप्त बिजली की समस्याओं पर बारी-बारी से चर्चा की। कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा के बाद कई कार्यों को अविलंब पूर्ण किए जाने पर सहमति हुई, जिसमें जले हुए ट्रांसफॉर्मर को जल्द से जल्द बदले जाने, जहां बिजली की व्यवस्था नहीं है वहां खंभों, ट्रांसफॉर्मर एवं तार लगाकर बिजली की व्यवस्था करनेए बरसात आने के पूर्व झाड़ियों तथा पेड़ों की छंटाई तथा जर्जर पुराने खराब हो चुके बिजली के तारों को बदले जाने की बात मुख्य रूप से शामिल है। साथ ही साथ बिजली बिल में गड़बड़ियों के कारण उपभोक्ताओं को हो रही समस्याओं के ससमय समाधान को लेकर भी विधायक सुदेश कुमार महतो ने निर्देश दिया।

### बिजली कटने से ग्रामीण परेशान

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती चरम पर है। उमस भरी गर्मी तथा अघोषित बिजली कटौती से सभी परेशान हैं। सरकार की ओर से हो रही बिजली सप्लाई में कटौतियों को ध्यान में रखते हुए तथा सीमित संसाधनों में भी निर्बाध बिजली आपूर्ति कैसे सुनिश्चित हो, इसे लेकर सुदेश कुमार महतो ने अधिकारियों को कई सुझाव भी दिए। बैठक में बिजली विभाग के जीएम पीके श्रीवास्तव, कार्यपालक अभियंता श्री मंडल उपस्थित थे।

# रातू पुलिस ने पत्नी और साला को भेजा जेल

### राजकुमार शाही हत्याकांड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने गोविंद नगर में रहने वाले जमीन कारोबारी और मांडर नारो निवासी राजकुमार शाही उर्फ अनिरुद्ध हत्याकांड का 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुये पत्नी सोनी देवी और साला शचींद्रनाथ मिश्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दाब और खून से सने सलवार सूट टोटांबी के एक कुआं से बरामद किया गया है। यह जानकारी ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि पत्नी से राजकुमार खिन्न थे। नोंक-झोंक भी होती थी। सोनी को इस बात का डर था कि कभी भी उसकी हत्या हो सकती है। इससे पहले ही उसने पति को रास्ते से हटाने की ठान ली। योजनाबद्ध तरीके से खाने में जहर डाल दी। जैसे ही वह खाना खाये घबराहट होने लगी। उन्होंने शरीर से कपड़े उतार बेड पर लेट गये।



### दाब से काट दी थी गर्दन

ग्रामीण एसपी ने बताया कि सोनी ने दाब से उनकी गर्दन काट डाली और चेहरे पर भी कई वार की। इससे उनकी मौत हो गयी। यह सब पुत्र अंबिकेश की मौजूदगी में हुई। इसके बाद सोनी ने भाई को फोन कर घर बुलाया। तीनों मांडर गये और दाब और सूट को बैग में रख उस पर पत्थर बांध कुआं में डाल दिया।

### टीम ने निभाई भूमिका

घटना के बाद डीएसपी प्रवीण सिंह की अगुआई में टीम गठित की गयी थी। इसमें थानेदार सपन कुमार महथा, अवर निरीक्षक चमरा मिंज, अंजन कुमार, नीतीश कुमार, महानंद कुमार, अमरनाथ सोनी आरक्षी उज्ज्वल कुमार सिंह व गुलाम हशनैन खान शामिल किये गये थे। इनकी तत्परता से कांड के उद्भेदन में सफलता मिली।

## विकास योजनाओं के संचालन की ली गई जानकारी

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड में गुरुवार को 25 सदस्य बीआरपी सामाजिक अंकेक्षण दल के प्रशिक्षण 30 दिवसीय प्रशिक्षण शर्ड में किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षण कार्यक्रम में भ्रमण हेतु प्रखंड बेड़ो के प्रखंडए पंचायत एवं गांव का भ्रमण किया गया। प्रखंड कार्यालय सभागार में मनरेगा प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वजन पेंशन इत्यादि योजनाओं की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार के द्वारा योजनाओं के संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। सभी प्रशिक्षु को भविष्य में बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दी गई।

## एक नजर में

### रेप, मोबाइल, चेन छीनने के दो आरोपी गिरफ्तार

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के नरायाणशोशो गांव की एक लड़की के साथ बुधवार की रात बलात्कार करने तथा उसका मोबाईल फोन और चैन छीनने के आरोप में लड़की के ब्यान पर अनगड़ा पुलिस ने चिलदाग गांव के बिटु मुंडा तथा करन करमाली नामक दो युवक को गिरफ्तार किया है। घटना के संबध मे पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात भूक्त भोगी लड़की एक शादी पार्टी से लौट रही थी। उक्त दोनों युवक भी पार्टी में आए थे रात का लाभ उठा कर एक युवक के द्वारा उसके साथ जबरजस्ती करने तथा दूसरे युवक पर उसका मोबाइल और चेन छीनने का आरोप है।

### इटकी: सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

**इटकी।** इटकी क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को वट सावित्री व्रत किया। मौके पर विधि विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा अर्चना की गयी व सावित्री सत्यवान की कथा का श्रवण किया गया। पूजा के दौरान महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र व आजीवन सुहागन की कामना की। अधिकांश महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की, जबकि कई महिलाओं द्वारा अपने घरों में वट वृक्ष की डाली गाड़ कर पूजा-अर्चना की गयी।

### पिठोरिया में धूमधाम से हुई वट सावित्री पूजा

**पिठोरिया।** थाना क्षेत्र के पिठोरिया, बालू, मदनपुर, सुतियांबे, कुम्हरिया, चौली, जिदू सहित अन्य गांवों में वट सावित्री की पूजा धूमधाम से की गई। वर्ती महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए वटवृक्ष की परिक्रमा कर पूजा किया। पुरोहित द्वारा पूजा संपन्न कराया गया।

### रैयत विस्थापित मोर्चा केडीएच शाखा की बैठक



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा केडीएच शाखा की बैठक विश्रामपुर पंचायत भवन में किया गयाण बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष दामोदर गंझू एव संचालन सचिव प्रभाकर गंझू ने कियाण बैठक में मुख्य रूप से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगताएसचिव जगरनाथ महतोएकार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंहएउपाध्यक्ष नरेश गंझूएरामलखन गंझू एव अमृत भोगताए विनय खलखो मौजूद थेण बैठक में मोर्चा द्वारा 29 मई को आहूत एनके एरिया बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गयाण एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने बताया कि बंदी को लेकर सभी परियोजना शाखा में अभी से पूरी तैयारी में जुट जाएण इस बार पूरी एकजुटता के साथ रैयत विस्थापितो के ताकत का अहसास प्रबंधन को कराना होगा। उन्होंने कहा कि 29 मई को केडीएच के सभी बिस्थापित गांव के महिला पुरुष भारी संख्या में निकलना है और बंदी को जोरदार तरीके से सफल बनाना है तभी हक अधिकार मिल पाएगाण प्रबंधन द्वारा रैयत विस्थापितो के समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया रहा है। प्रबंधन रैयत विस्थापितो को आशवासन देकर छल रहा है।

## बच्चों ने मनाई राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस

**खलारी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय महावीर नगर ऊपर टोला के प्रधानाचार्य रंथु साहु के नेतृत्व में ग्रीष्मावकाश को देखते हुए सुपर रीड एंड राइट प्रोग्राम के तहत बच्चों को विशेष जानकारी हेतु सोशल मीडिया में ऑनलाइन राष्ट्रीय लुप्तप्राय प्रजाति दिवस मनाया गयाण लुप्तप्राय प्रजाति मई महीने के तीसरे शुक्रवार को मनाया जाता हैए ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा असर धरती पर रह रहे जीव जंतुओं के लिए खतरा बन चुका हैण तेजी से बढ़ते तापमान को देखते हुए कई जीव जंतु विलुप्त होने के कगार पर है। इसी मुद्दे पर लोगों के बीच ध्यान आकर्षित करने हेतु संसार में व्याप्त वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करना है।

# जमीन पर बाउंड्री करने पहुंचे रैयत को ग्रामीणों ने खदेड़ा

### जेसीबी लेकर पहुंचा था रैयत हरवे-हथियार के साथ गोलबंद हो गये थे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के बढ़इया स्थित चार एकड़ का मामला शुक्रवार को फिर उभर कर सामने आया है। जमीन में कार्य कर रहे रैयत और ग्रामीणों के बीच जमकर हंगामा किया। इस जमीन को रैयती बता बाउंड्री निर्माण के लिए जेसीबी लेकर पहुंचे चालीस-पचास की संख्या में लोगों को देख ग्रामीण उग्र हो गए और हरवे हथियार के साथ गोलबंद होकर उन्हें खदेड़ दिया। इस दौरान उग्र ग्रामीणों ने वहां खड़ी चार बाइक में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं निर्माण कार्य के लिए पहुंची कुछ महिलायें भी चोटिल हो गई। ग्रामीणों के उग्र रूप को देखते हुए काम कराने पहुंचे लोगों को वहां से भागना पड़ा। माहौल ऐसा था कि ग्रामीणों के उग्र रूप को देखते हुए पीसीआर वाहन काफी देर तक घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़ी रही। जब चान्हो अतिरक्त पुलिस बल पहुंची तब पीसीआर वैन भी उनके साथ पहुंची। इस घटना की सूचना मिलने पर चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार बढ़ईया गांव पहुंचे और उग्र ग्रामीणों को किसी तरह समझाकर शांत किया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी, इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर सहित मांडर, खलारी व मैकलुस्कीगंज की पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। जानकारी के अनुसार बढ़ईया गांव स्थित बगीचा के चार एकड़ भूखंड में दावेदारी को लेकर ग्रामीणों व एक पक्ष के लोगों के बीच विवाद है। इस भूखंड में पिछले साल भी उक्त पक्ष के लोगों द्वारा चहारदीवारी का निर्माण कराने का प्रयास किया गया था, जिसे ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। बताया जा रहा है कि उसी भूखंड पर शुक्रवार को जेसीबी लेकर चालीस-पचास लोग चहारदीवारी का निर्माण कराने पहुंचे थे, जिसको लेकर उक्त पक्ष व ग्रामीणों के बीच विवाद हुआ था। उसके बाद लाठी डंडे से लैस ग्रामीणों ने वहां से मजदूरों के साथ ही अन्य लोगों को खदेड़ दिया।



पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। फिल्हाल ग्रामीणों को समझाकर वापस भेज दिया गया है।
**रंजय कुमार, थाना प्रभारी।**

# सताकी में ग्रामीण जलापूर्ति निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के सताकी पंचायत के कानकट्टा गांव में साढ़े 6 करोड़ लागत से बनने वाली ग्रामीण जलापूर्ति निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश महतो ने किये। पंचायत में पाइप लाइन से घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। योजना में 61 बोरिंग किया जायेगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि गांव में बुनियादी सुविधाओं को बहाल किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी के लिए वृहद पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। पढ़ाईए दवाई ओर न्याय का लाभ आमजन तक पहुँचाने का काम हो रहा है। मौके संजय सिद्धार्थ, प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश महतो, प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, प्रकाश सिन्हा, जगन्नाथ मुखर्जी मुखिया पांडु मुंडा, रामापति मुंडा, बालेंदु महतो आदि मौजूद थे।

### विधायक निधि से होगा निर्माण कार्य

राहे प्रखंड के सताकी पंचायत के माराहाटा में 550 फीट पीसीसी सड़कएबसन्तपुर पंचायत के पारमपतरा में 300 फीट पीसीसी सड़क और एक पुलिया तथा नावाडीह पंचायत के ईचाहातु गुचीडीह में 600 फीट नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किये।

# विधायक ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को प्रखण्ड के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी। इस अवसर पर रोल एवं तरंगा पंचायत के ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओ को विधायक के पास रखा। वही विधायक ने गांव की जन समस्याओ से अवगत होकर कहा कि गांव का विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए ग्रामीण समस्याएं बताये। उन समस्याओ का हर हाल मे समाधान किया जायेगा। सरकार गांव की हर बुनियादी जरूरत को ध्यान मे रख कार्य कर रही है। सरकार आपकी हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है। शिक्षाए सडकए बिजली व पानी की समस्याओ को निदान किया जा रहा है। इस दौरान रोल पंचायत के ग्राम माथा टोली मे अखड़ा का उद्धघटान किया। वहीं सोंस पंचायत के खुटी टोला निवासी कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता सहजान अंसारी पेड़ गिर जाने से घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गाई। मृतक के आवास पहुंची मृतक के परिवार से मिलाकर शोक व्यक्त की।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईश्तियाक अंसारी, मन्ना उरांव, चरवा उरांव, प्रमोद लाल, रोल पंचायत अध्यक्ष रामानंद जी, तरंगा पंचायत अध्यक्ष रोपना उरांव, जल्फेकर, एनुल, जावेद एवं अन्य उपस्थित रहे।

# डीएवी विवेकानंद: समर कैंप में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों के बीच कबड्डीए वॉली बॉल एसेक रेसए क्रोकोडाइल रेसए बोतल रेसए फिल द बकेटए हिट द विकेट ए किक द बॉलए बलून रेसए रस्सी खींचए कराटेए एरोबिक आदि खेलों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखायी और खूब मस्ती किए और धमाल मचाया । इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा की बच्चों में खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि बच्चे इससे अनुशासन सीखते हैं और शारीरिक एवं मानसिक व्यायाम भी होता है। आज के समय में बच्चे मोबाईल गेम की ओर बहुत अधिक आकर्षित होते जा रहे हैं जो बच्चों पर बहुत अधिक दुष्प्रभाव डाल रही है और बच्चे आउटडोर गेम भूलते जा रहे हैं ऐसे में इस तरह के आयोजन से बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है और उनका सर्वांगीण विकास होता है।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक श्रवण कुमार रवि सिंह संदीप सिंह सोमा सरकार आरती कुमारी नितेश कुमार प्रीस्का खेस सावित्री देवी प्रियंका सिंह हंसिका कुमारी हेमंत कुमार विजय महतो रंजन कुमार गुलशन कुमार अनीता अनिल अनु अरुणिमा भारती संचिता एंजिलिका शिवानी दिनेश कुमार फातिमा रानी खुशबू गायत्री तारा सोसन संदीपा कमला ज्योति सोमी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

# पति के दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु होने की कामना किया। जहां प्रातः पांच बजे से ही सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखते हुए सोलहों श्रृंगार कर अपने पति की लंबी आयु की कामना के साथ बरगद पेड़ की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया। साथ महिलाओं ने पंडित अशोक पांडा से वट सावित्री की त्याग की कथा सुनी। कहा जाता है कि वट बृक्ष के नीचे बैठकर ही सावित्री ने अपने पति सत्यवान को दोबारा जीवित कर लिया था। इसी दिन सावित्री अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस ले आई थी। इस लिए पति लंबी आयु के लिए सुहागिनें इस दिन व्रत रखती हैं। इस व्रत में महिलाएं सावित्री के समान अपने पति की दीर्घायु की कामना तीनों देवताओं से करती हैं। ताकि उनके पति को अच्छा स्वास्थ्य और दीर्घायु प्राप्त हो सके। वहीं सुहागिन महिलाओं ने बरगद पेड़ में सूत लपेटते हुए परिक्रमा किया। इसके बाद सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की चरण स्पर्श कर बांस से बनी पंखा डोलाकर प्रसाद खिलाया। इस के पश्चात कई प्रकार के व्यंजन बनाए गए।



### खलारी में वट सावित्री पूजा की धूम

**खलारी।** खलारी प्रखंड क्षेत्र के लपरा, कोंनका, हेसालोंग, चीनाटांड़, नावाडीह, हुटाप, सुभाष नगर डकरा, मोहन नगर, चुरी होयेर, विश्रामपुर, करकट्टा, केडीएच राय चुरी सहित आसपास के जगहों पर सुहागिनों ने वट सावित्री पर्व पर सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए विधिवत पूजा व व्रत रखाण इस दौरान सुहागिनों ने सामूहिक रूप से विधि विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा कीण सुहागिनों ने वट वृक्ष के चारो तरफ परिक्रमा करते हुए मौली सूत के धागे लपेटी और मान्यता के अनुसार ताड़ व बांस के पंखे से वट वृक्ष को हवा भी दीण पूजा अर्चना के बाद सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण सामूहिक रूप किया। पूजा अर्चना के बाद ब्राह्मणों को दान पुण्य कर परोहितों से आशीर्वाद लियाण सुहागिनों ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य वती का आशीर्वाद लियाण वही सुहागिनों का शिव मंदिरों में पूजा करने वालों का सुबह से ही तांता लगा रहाण सामुहिक रूप से कथा सुनकर भगवान से सुख समृद्धि की कामना किया।

# राजस्थान को मिली रोमांचक जीत, आइपीएल 2023 में पंजाब का सफर खत्म

## स्कोर कार्ड

**पंजाब:187/5 (20ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन कै. एंड बो. बोल्ट | 02 | 02 | 0/0 |
| शिखर धवन एलबीडब्ल्यू जंपा | 17 | 12 | 2/1 |
| अथर्व कै. पडिक्कल बो. सैनी | 19 | 12 | 3/1 |
| लिविंगस्टन बो. नवदीप सैनी | 09 | 13 | 1/0 |
| सैम करन नाबाद | 49 | 31 | 4/2 |
| जितेश कै. सैनी बो. फरेरा | 44 | 28 | 3/3 |
| शाहरुख खान नाबाद | 41 | 23 | 4/2 |

**अतिरिक्त** 06

**विकेट पतन:** 1-2, 2-32, 3-46, 4-50, 5-114.

**गेंदबाज :** ट्रेंट बोल्ट : 4-0-35-1, संदीप शर्मा : 4 0-46-0, नवदीप सैनी : 4-0-40-3, एडम जंपा : 4-0-26-1, युजवेंद्र चहल : 4-0-40-0.

**राजस्थान :189/6 (19.4ओवर)**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. एलिस बो. ऋषि | 50 | 36 | 8/0 |
| बटलर एलबी डब्ल्यू रबाडा | 00 | 04 | 0/0 |
| पडिक्कल कै. ब्रार बो. अर्शदीप | 51 | 30 | 5/3 |
| सैमसन कै. चाहर बो. ऋषि धवन | 02 | 03 | 0/0 |
| हेटमायर कै. धवन बो. करन | 46 | 28 | 4/3 |
| रियान पराग कै.अथर्व बो. रबाडा | 20 | 12 | 1/2 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 10 | 04 | 0/1 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त** :09

**विकेट पतन:** 1-12, 2-85, 3-90, 4-137, 5-169, 6-179.

**गेंदबाज :** सैम करन : 4-0-46-1, कगिसो रबाडा : 4-0-40-2, अर्शदीप सिंह : 4-0-40-1, नाथन एलिस : 4-0-34-1, राहुल चाहर :3.4-0-28-1.





एजेंसी

**धर्मशाला।** आइपीएल 2023 के अपने आखिरी लीग मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया। इस हार से पंजाब किंग्स के प्लेऑफ की उम्मीद खत्म हो गई हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदें अभी भी जिंदा हैं। सैम करन की नाबाद 49 रन की पारी के अलावा पांचवें विकेट के लिए जितेश शर्मा (44) के साथ 64 और छठे विकेट के लिए शाहरुख खान के साथ 37 गेंद में 73 रन की अटूट साझेदारी के दम पर पंजाब किंग्स ने 187 रन बनाए। राजस्थान ने आखिरी ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पड्डिकल ने अर्धशतकीय पारी खेली। पंजाब के 14 मैच में 12 पॉइंट रहे। राजस्थान के 14 मैच में 14 पॉइंट हैं लेकिन उसे प्लेऑफ में तभी जगह मिलेगी जब आरसीबी और मुंबई अपने-अपने आखिरी मुकाबले बड़े अंतर से हार जाए।

### बोल्ट को पहले ही ओवर में विकेट

बोल्ट ने पहले ओवर में प्रभसिमरन सिंह (दो रन) को आउट कर राजस्थान को शानदार शुरूआत दिलायी। इसके बाद कप्तान शिखर धवन (17) और अथर्व तायडे (19) ने लगातार बाउंड्री लगाकर दूसरे ओवर में संदीप शर्मा के खिलाफ 16 और तीसरे ओवर में बोल्ट के खिलाफ तीसरे ओवर में 12 रन ठोक दिये। दोनों की 21 गेंद में 36 रन की साझेदारी को सत्र का दूसरा मैच खेल रहे सैनी ने तायडे को आउट कर तोड़ा। इसके बाद जम्पा ने अपनी फिरकी में फंसा कर धवन को पगबाधा किया। अगले ओवर में लियाम लिविंगस्टोन सैनी का दूसरा शिकार बने जिससे पंजाब का स्कोर 50 रन पर चार विकेट हो गया।

### एक छोर पर टिके रहे करन

सातवें ओवर में चौथा विकेट गंवाने के बाद करन, जितेश और शाहरुख की बेखौफ बल्लेबाजी से पंजाब बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। जितेश शर्मा ने नौवें ओवर में संदीप के खिलाफ दो छक्का जड़ रन गति को बढ़ाया। उन्होंने 14वें ओवर में सैनी के खिलाफ दो चौके और एक छक्का लगाया लेकिन इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हो गये। इसके बाद शाहरुख और कुरेन को 16वें से 18वें ओवर तक बड़ा शॉट लगाने में परेशानी हो रही थी। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने 19वें ओवर में गेंद युजवेंद्र चहल को दी जिसमें पंजाब ने 28 रन बटोरे। शाहरुख ने इसके बाद आखिरी ओवर में बोल्ट के खिलाफ भी छक्का और दो चौके जड़े। टीम ने आखिरी दो ओवर में 46 रन बटोरे। जितेश ने 28 गेंद की पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके लगाये।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 | +0.835 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 5 | 15 | +0.381 |
| लखनऊ | 13 | 7 | 5 | 15 | +0.304 |
| बेंगलुरु | 13 | 7 | 6 | 14 | +0.180 |
| राजस्थान | 14 | 7 | 7 | 14 | +0.148 |
| मुंबई | 13 | 7 | 6 | 14 | -0.128 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.256 |
| पंजाब | 14 | 6 | 8 | 12 | -0.304 |
| दिल्ली | 13 | 5 | 8 | 8 | -0.572 |
| हैदराबाद | 13 | 4 | 9 | 8 | -0.558 |

**पर्पल कैप**



मोहमद शमी
गुजरात
विकेट: 23

**ऑरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 702

## आज का मैच







## मोबाइल फोन बना क्रिकेट प्रशंसकों की पहली पसंद

**नयी दिल्ली।** क्रिकेट का मजा लेने के लिये टेलीविजन स्क्रीन पर घंटो चिपके रहने अब गुजरे जमाने की बात बन चुका है। सर्वेक्षणों की मानें तो टीवी की बजाय चलती फिरती स्क्रीन यानी मोबाइल फोन पर क्रिकेट का लुत्फ उठाने वालो की तादाद में खासा इजाफा हुआ है। सर्वे कंपनी डेटा एआई के अनुसार आइपीएल के मौजूदा सत्र में 15 अप्रैल से पांच मई के दौरान 93 मिलियन दर्शकों ने टीवी पर मैच देखा जबकि जियो सिनेमा एप पर मैच देखने वालो की संख्या 97 मिलियन के आंकड़े को पार कर गयी है।

## निशानेबाज सेखों व गुरजोत इटली में लेंगे प्रशिक्षण



**नयी दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाइएएस) और मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के निशानेबाज गनेमत सेखों और गुरजोत सिंह को इटली में प्रशिक्षण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। गनेमत ने हाल ही में मिस्र के काहिरा में आइएसएसएफ विश्व कप में मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीता था। वह महिला स्कीट स्पर्धा में भारत की नंबर एक रैंकिंग पर हैं। अब वे बारी में इतालवी कोच पिअरो गेंगा के नेतृत्व में 11 दिन का प्रशिक्षण लेंगी जबकि गुरजोत अपने कोच एनिओ फाल्को के नेतृत्व में दस दिन का प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। दोनों शूटर्स साल के अंत में होने वाले आइएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों की तैयारी कर रहे हैं।

## अरुणा, कमल, साथियान होंगे यूटीटी सीजन आकर्षण

**मुंबई।** फ्रेंचाइजी आधारित टेबल टेनिस लीग अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के चौथे संस्करण में अफ्रीका के महान कादरी अरूणा समेत दुनिया के जाने माने टीटी सितारे शिरकत करेंगे। तीन साल के अंतराल के बाद लीग का आयोजन 13 से 30 जुलाई के बीच पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। लीग में अचंता शरथ कमल, साथियान ज्ञानसेकरन और मनिका बत्रा जैसे भारतीय सितारे भी शामिल होंगे। दुनिया के 12वें नंबर के खिलाडी अरुणा यूटीटी के पहले दो सत्र खेल चुके है। इसके अलावा वर्ल्ड नंबर 32 जर्मनी के बेनेडिक्ट डूडा, वर्ल्ड नंबर 34 मिस्र के उमर अस्सार, स्पेन के अल्वारो रॉबल्स भी लीग का हिस्सा बनेंगे।

## गवर्नर्स गोल्फ कप शुरू, राज्यपाल ने किया शुभारंभ

**नैनीताल।** उत्तराखंड में सरोवरनगरी नैनीताल में राजभवन गोल्फ क्लब के तत्वावधान में आयोजित गवर्नर्स गोल्फ कप टूनार्मेंट का शुभारंभ हो गया है। प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से. नि.) गुरमीत सिंह ने शुक्रवार को इसका शुभारंभ किया। तीन दिनी प्रतियोगिता में 125 गोल्फर प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन शुक्रवार को 58 गोल्फरों ने हाथ अजमाये जिनमें नौ महिलाएं एवं नौ जूनियर गोल्फर शामिल हैं।

## गुकेश समेत प्रमुख खिलाड़ियों की जीत से शुरूआत



**शारजाह।** वर्ष 2023 के सबसे मजबूत इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर ओपन शतरंज टूनार्मेंट में पहले राउंड में भारत के लगभग सभी प्रमुख खिलाड़ियों नें अच्छे परिणाम हासिल किये। बड़ी बात यह की इस टूनार्मेंट में 31 देशो के 78 खिलड़ी खेल रहे है जो सभी के सभी ग्रांड मास्टर है और टूनार्मेंट की औसत रेटिंग 2618 है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। पहले बोर्ड पर शीर्ष वरीय ईरान के परहम मघसूदलू नें यूएसए के यू क्रिस्टोफर को अपनी शानदार ओपनिंग की तैयारी से काले मोहोरो से मात देकर अच्छी शुरूआत की तो पहले राउंड में भारत के शीर्ष खिलाड़ी और दूसरे वरीय डी गुकेश नें सफेद मोहरो से ब्राजील के वेसकोवी गिओवनी को पराजित कर अपना खाता खोला तो तीसरे वरीय भारत के विदित गुजराती को रूस के युवा ग्रांड मास्टर मुरजिन वोलोदर नें ड्रॉ पर रोक लिया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में आठवे बोर्ड पर अर्जुन एरिगासी नें पोलैंड के पीओरून कैस्पर को नौवे बोर्ड पर प्रज्ञानन्दा नें टर्की के सनल वाहप को तो निहाल सरीन नें 16वें बोर्ड पर ग्रीस के निकोलस थेओड़ोरौ को पराजित कर शानदार शुरूआत की तो 44वे वरीय लियॉन मेन्दोंसा नें पांचवें वरीय रूस के सनन सुग्रीओव से ड्रॉ खेला।

## नीरज की नजरें पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पर

**नयी दिल्ली।** ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 13 जून को फिनलैंड के तुरकु में होने वाले पावो नूरमी खेलों में अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर कर स्वर्ण पदक जीतना चाहेंगे। चोपड़ा ने पिछले साल 89 .30 मीटर की दूरी के साथ इन खेलों में रजत जीता था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89 .94 मीटर है जो विश्व चैंपियनशिप (अमेरिका के यूजीन) में आया था। इस 25 साल के खिलाड़ी की यह सत्र की तीसरी प्रतियोगिता होगी। उन्होंने पांच मई को दोहा में प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। पावो नुरमी खेलों से पहले वह चार जून को नीदरलैंड के हेंगेलो में फैनी ब्लैंकर्स-कोएन गेम्स में हिस्सा लेंगे।

## परेशानी का सबब बन सकते हैं कोहली: पोंटिंग



**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सर्वश्रेष्ठ फार्म हासिल कर चुके विराट कोहली अगले महीने खेले जाने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी)-2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिये परेशानी का सबब बन सकते हैं। पोंटिंग ने शुक्रवार को यहां आइसीसी के एक कार्यक्रम में कहा विराट कोहली को लगता है कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ गए हैं, इसलिये अगले महीने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में उनका विकेट आस्ट्रेलिया के लिये बेशकीमती साबित हो सकता है।

## अंडर-17 फुटबॉल टीम जर्मनी में अपना दूसरा अभ्यास मैच खेलेगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर-17 एशियाई कप की तैयारी के तहत भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम शनिवार को जर्मनी के रॉटलिंगन में अपने दूसरे अभ्यास मैच में एसएसवी रॉटलिंगन अंडर-16 टीम से भिड़ेगी। स्पेन में कुछ अभ्यास मैच खेलने के बाद भारतीय टीम को जर्मनी पहुंचे तीन दिन हो चुके हैं। भारत की इस अंडर-17 टीम ने स्पेन में एटलेटिको डी मैड्रिड, रियल मैड्रिड, लेवांते, गेटाफे जैसी क्लबों की युवा टीमों के खिलाफ अभ्यास मैचों में भाग लिया। जर्मनी में शुरूआती अभ्यास मैच में टीम को वीएफबी स्टुटगार्ट की युवा टीम से 1-3 की हार का सामना करना पड़ा। स्टुटगार्ट की टीम में अंडर-16 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी थे। भारतीय अंडर-17 टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस ने एक विज्ञप्ति में कहा, जर्मनी में हमारी शुरूआत काफी व्यस्त रही। हम मंगलवार को पहुंचे और बुधवार को हमारा पहला मैच था, लेकिन खिलाड़ियों के लिए यह अच्छा अनुभव है। जर्मनी में दो सप्ताह के अभ्यास शिविर के बाद भारतीय टीम जून की शुरूआत में थाईलैंड रवाना होगी। एएफसी एशियाई कप में भारत को ग्रुप डी में रखा गया है, जहां उसका सामना वियतनाम (17 जून), उज्बेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से होगा। फर्नांडिस ने कहा, महामारी के कारण ये खिलाड़ी लगभग दो साल तक मैदान से दूर रहे है और ऐसे में मुश्किल परिस्थितियों में खेलने से वे बेहतर होंगे। हमने स्पेन में काफी कड़े मुकाबले खेले है और जर्मनी दौरे से भी ऐसी ही उम्मीद है।

## पैरा वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में श्याम सुंदर ने भारत को दिलवाया स्वर्ण पदक



**जयपुर (हि.स.)।** यूरोप के चेक रिपब्लिक में आयोजित पैरा वर्ल्ड रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में शुक्रवार को भारत के लिए इतिहास रचने वाला दिन रहा। तीरंदाज प्रशिक्षक अनिल जोशी ने बताया कि भारतीय कंपाउंड टीम श्यामसुंदर स्वामी व राकेश कुमार की युगल जोड़ी ने फ्रांस को फाइनल मुकाबले में जबरदस्त टक्कर देखकर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। फ्रांस के साथ फाइनल मुकाबला में भारत में 141 वह फ्रांस ने 138 अंक बनाएं 2 अंकों की बढ़त के साथ भारत ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। श्यामसुंदर स्वामी के बेहतरीन प्रदर्शन से स्वर्ण पदक हासिल किया। श्याम सुंदर स्वामी का व्यक्तिगत मुकाबला शनिवार, 20 मई को कांस्य पदक के लिए खेला जाएगा। स्वामी के पदक पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला, महापौर सुशीला राजपुरोहित, शिक्षा निदेशक गौरव अग्रवाल, संभागीय आयुक्त नीरज के पवन ने प्रशिक्षक अनिल जोशी को बधाई दी।

## हमारे पदकों पर बृजभूषण की टिप्पणी अपमानजनक : प्रदर्शनकारी पहलवान



**नयी दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की उनके इस कथित बयान के लिये आलोचना की है कि एक पदक 15 रुपए का आता है और पहलवानों को वह करोड़ों रुपए भी वापिस करने चाहिये जो सरकार ने उनके प्रशिक्षण पर खर्च किये हैं। महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के आरोप झेल रहे बृजभूषण ने एक वीडियो इंटरव्यू में कहा है कि पहलवानों को सिर्फ पदक ही नहीं करोड़ों रुपए भी लौटाने चाहिये जो उनके प्रशिक्षण पर खर्च हुये हैं। जंतर मंतर पर प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे बजरंग ने शुक्रवार को कहा कि जिस पदक की बृजभूषण ने 15 रुपए का बताकर तौहीन की है, उसके पीछे 15 साल की मेहनत है। उन्होंने कहा, उन्होंने मुझे पदक दान में नहीं दिया है। मैने अपने खून पसीने से देश के लिये जीता है। अगर हमारी उपलब्धियों का जरा भी सम्मान होता तो वह ये शब्द नहीं बोलता। साक्षी मलिक ने कहा कि गुड़ियों से खेलने की उम्र में वह अखाड़े में कुश्ती लड़ रही थी। उन्होंने कहा वह जिस पदक को 15 रुपए का बता रहा है, उसके लिये हमने सब कुछ कुर्बान किया है। यह शर्मनाक है कि देश के चैंपियन खिलाड़ियों को ऐसे बुरे दिन देखने पड़ रहे हैं। मैने देश के लिये पदक जीता है और इसकी कोई कीमत नहीं लगा सकता।

## यौन उत्पीड़न संबंधी नीति पर ने बीसीसीआई ने कसी कमर, एसजीएम में मिलेगी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड अहमदाबाद में 27 मई को होने वाली आमसभा की विशेष बैठक (एसजीएम) में यौन उत्पीड़न रोकथान (पीओएसएच) संबंधी नई नीति को मंजूरी देगा। इसके साथ ही अक्टूबर नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों की देखरेख के लिए कार्यसमूह का गठन भी किया जाएगा। एसजीएम के पांच सूत्रीय एजेंडे में बुनियादी ढांचा विकास और सब्सिडी उपसमिति का गठन, प्रदेश टीमों में फिजियोथेरेपिस्ट और ट्रेनर की नियुक्ति संबंधी दिशा निर्देश, आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए कार्यसमूह का गठन, महिला प्रीमियर लीग की समिति का गठन और यौन उत्पीड़न रोकथाम नीति को स्वीकृति देना शामिल है। बीसीसीआइ के पूर्व सीइओ राहुल जोहरी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद बीसीसीआइ ने चार सदस्यीय आंतरिक शिकायत समिति बनाई थी लेकिन संशोधित नीति में नयी समिति में और सदस्यों को जोड़ा जाएगा। विश्व कप कार्यसमूह में बीसीसीआइ अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष , कार्यवाहक सीइओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी होंगे। बोर्ड ने विश्व कप के मैचों की मेजबानी कर रहे सभी स्टेडियमों का बुनियादी ढांचा बेहतर करने के लिये कोष आवंटित कर दिए हैं। महिला प्रीमियर लीग समिति को यह सुनिश्चित करना होगा कि टूनार्मेंट के लिए विंडो जल्दी से तय कर लिया जाए। इस साल ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम फरवरी के तीसरे सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी लिहाजा उसके बाद ही महिला प्रीमियर लीग हो सकती है। दीवाली के समय पुरूषों का विश्व कप होना है।'

## फील्ड हॉकी में योगदान के लिए सर्पाल सिंह सम्मानित

एजेंसी



**नयीदिल्ली।** अनुभवी फील्ड हॉकी खिलाड़ी और जाने माने कोच सर्पाल सिंह को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया है। राउंडग्लास स्पोर्ट्स के संस्थापक निदेशक सर्पाल सिंह ने अपने करियर में विभिन्न हॉकी टूनार्मेंटों में पंजाब और भारत का प्रतिनिधित्व किया है। साथ ही खिलाड़ियों को सलाह देने और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों और भारत के ओलंपियन सहित प्रतिभाओं की पहचान करने और उनका पोषण करने में खुद को समर्पित किया। उन्होंने उत्तर रेलवे की टीमों को भी प्रशिक्षण दिया हैजिन्होंने नेहरू गोल्ड कप, बॉम्बे गोल्ड कप और ग्वालियर गोल्ड कप कि ट्राफी अपने नाम किया है। उत्तर रेलवे हॉकी टीम के कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, सर्पाल सिंह ने भारत के कुछ बेहतरीन हॉकी खिलाड़ियों को तैयार किया। पिथीर्पाल सिंह, मोहिंदर लाल, हरबिंदर सिंह, चांद सिंह, मुखबेन सिंह, वरिंदर सिंह, अजीत सिंह, इंदर सिंह सरपाल सिंह के महान शिष्यों में से एक हैं। सिंह ने कहा, फील्ड हॉकी में मेरे योगदान के लिए द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित होने पर मैं बहुत आभारी हूं। एक बार फिर, मैं इस स्वीकृति के लिए खेल मंत्रालय को दिल से धन्यवाद देता हूं और इसके लिए वास्तव में विनम्र महसूस करता हूं। भारत के गौरवशाली हॉकी इतिहास का हिस्सा होना एक अविश्वसनीय विशेषाधिकार रहा है, और मैं इसमें भूमिका निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

## पेज 3 का शेष

### आतंक और बातचीत...

**ग्लोबल साउथ की आवाज बनेंगे मोदी :** पीएम मोदी ने कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन में वे ग्लोबल साउथ की आवाज बनेंगे और उनकी चिंताओं को उठायेंगे। ग्लोबल साउथ एशिया, अफ्रीका और दक्षिणी अमेरिका के विकासशील देशों का एक अनौपचारिक समूह है। भारत इस समूह का सबसे ताकतवर देश है। उन्होंने कहा कि वे ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में वैश्विक परिवर्तनों और चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं इन चुनौतियों से निपटने में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत की भूमिका पर जोर दूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का अनुभव जी-7 की बैठक में मजबूती से प्रतिध्वनित होगा। भारत जी-7 का सदस्य नहीं है, इसके बावजूद जी-7 के मेजबान और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भारत को आमंत्रित किया है। **रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत का रुख स्पष्ट :** रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की मध्यस्थता की भूमिका पर पीएम मोदी ने कहा कि यूक्रेन विवाद पर उनके देश की स्थिति स्पष्ट और अटल है। उन्होंने कहा कि भारत शांति के पक्ष में खड़ा है, और दृढ़ता से रहेगा। हम उन लोगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में चुनौतियों का सामना करते हैं, विशेष रूप से भोजन, ईंधन और उर्वरकों की बढ़ती कीमतों के कारण। पीएम मोदी ने कहा कि हम रूस और यूक्रेन दोनों के साथ कम्यूनिकेशन को बनाए रखे हैं। सहयोग से हमारे समय को परिभाषित करना चाहिए, संघर्ष से नहीं।

### 2000 के नोट

साल 2016 नवंबर में नोटबंदी के बाद 2000 हजार रुपये का नोट लाया गया था। नोटबंदी में 500 और 1000 रुपये के नोट बंद कर दिया गया था। इस दौरान सरकार ने कहा था कि ये कदम भ्रष्टाचार खत्म करने और छप रहे जाली नोटों पर लगाम लगाने के लिए लिया गया है। नोटबंदी पर विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा था कि ये निर्णय सरकार ने बिना सोचे समझे लिया है।

### ये नियुक्ति पत्र नहीं...

**नियुक्ति प्रक्रिया चल पड़ी है :** सीएम ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। पिछले 3 वर्षों में जेपीएससी सिविल सर्विसेज, सहायक लोक अभियोजक, कृषि पदाधिकारी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, आयुष चिकित्सक और सहायक अभियंताओं समेत कई पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्ति हो चुकी है । इसके अलावा शिक्षकों और अन्य पदों पर भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। यहां के नौजवानों को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी लगातार रोजगार के नए अवसर सृजित किये जा रहे हैं। हमारी सरकार ने अब तक निजी कंपनियों में 10 हजार से ज्यादा युवाओं को नियोजित करने का कार्य किया है। सरकार ने इन सभी का डेटाबेस रखा है। स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। **बेहतर करने वाले पायेंगे सम्मान :** सीएम ने कहा की सरकार बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित करेगी। इस कड़ी में अब विद्यालयों की ग्रेडिंग की जायेगी। इस ग्रेडिंग में जो विद्यालय अव्वल होंगे, उसे सम्मानित और पुरस्कृत किया जायेगा। सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी निजी स्कूलों की तर्ज पर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्राप्त करें। इसी सोच के साथ सरकार ने पहले चरण में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरुआत की है। आने वाले दिनों में 5 हजार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों का दर्जा दिया जायेगा। **आर्थिक तंगी पढाई में नहीं बनेगी बाधा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के बच्चों की पढ़ाई आर्थिक तंगी के कारण प्रभावित नहीं होए इसके लिए सरकार कई कदम उठा रही है। बच्चों की स्कॉलरशिप राशि बढ़ा दी गयी है। हर तरह की प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। मेडिकल इंजीनियरिंग अथवा अन्य प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए आर्थिक सहायता देने का निर्णय सरकार ने दिया है। इतना ही नहीं, विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भी विद्यार्थियों का पूरा खर्च सरकार वाहन कर रही है। राज्य और राज्य वासियों के हित में हम सभी को अपने कार्य प्रणाली में बदलाव लाने की जरूरत है। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता एवं मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने भी समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। सीएम के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, जेईपीसी की स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर किरण कुमारी पासी, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार और झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### अमन श्रीवास्तव से...

ट्रांजिट रिमांड की अवधि खत्म होने से पहले उसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसे एटीएस अदालत में गुरुवार को पेश किया गया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। पूछताछ के लिए एटीएस ने उसे जेल से अपने साथ ले गई। झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने 17 जनवरी 2022 को अमन श्रीवास्तव समेत उसके गैंग के 16 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

